# खुलासा : बैतूल में 9 .84 करोड़ की साइबर लूट का पर्दाफाश, तीन आरोपी गिरफ्तार

नवभारत न्यूज

**बैतूल, 20 नवंबर. पुलिस और साइबर सेल ने एक संगठित साइबर ठगी का खुलासा किया है। साइबर लूट के इस मामले के आरोपी मृत व्यक्ति के खाते से रकम का भी लेन-देन करते थे।**

**मृत व्यक्ति के बैंक खाते से भी करते थे लेनदेन**

**ठग गिरोह के अन्य लोगों की पुलिस कर रही तलाश**

पुलिस ने इस गिरोह के तीन लोगों को गिरफ्तार कर लिया है। गुरूवार को कंट्रोल रूम में आयोजित पत्रकारवार्ता में पुलिस अधीक्षक वीरेन्द्र जैन ने करीब 9 करोड़ 84 लाख रुपये की एक संगठित साइबर ठगी का खुलासा करते हुए बताया कि मजदूरी करने वाले एक व्यक्ति बिसराम इवने (40) निवासी खेड़ी सावलीगढ़ (थाना कोतवाली) ने कलेक्टर और एसपी कार्यालय बैतूल में लिखित आवेदन देकर बताया था कि उसके जन-धन खाते में लगभग 2 करोड़ रुपये के संदिग्ध लेन-देन दिखाई दे रहे हैं, जिनकी उसे कोई जानकारी नहीं थी। जब वह बैंक में केवायसी कराने गया, तभी उसे इन भारी-भरकम ट्रांज़ेक्शनों का पता चला। शिकायत की गंभीरता देखते हुए पुलिस अधीक्षक बैतूल के निर्देशानुसार साइबर सेल ने जांच प्रारंभ की। प्रारंभिक जांच में पता चला कि जून 2025 से अब तक उसके खाते से लगभग 1.5 करोड़ रुपये का अवैध ट्रांज़ेक्शन किया गया था।

**मोबाइल नंबर बदला, जारी कराया एटीएम कार्ड :** गिरोह ने खाते का मोबाइल नंबर बदला और एटीएम कार्ड जारी करवाया। इंटरनेट/मोबाइल बैंकिंग का एक्सेस लिया और ओटीपी पर कब्जा जमाया। मृत व्यक्ति के खाते से लगातार ऊँची रकम के लेन-देन किए। पुलिस ने जांच में पाया गया कि बैंक में पासबुक एंट्री करने वाला एक टेंपररी कर्मचारी ही इस गिरोह का मुख्य सहयोगी था। जिसकी सहायता से गिरोह के हाथ बैंक शाखा की गोपनीय ग्राहक जानकारी तक पहुँच चुके थे, जिसके जरिए पूरी वित्तीय फर्जीवाड़े की मशीनरी चलाई गई। बैंक कर्मचारी ने ग्राहक दस्तावेजों से छेड़छाड़, खातों में फर्जी मोबाइल नंबर लिंक कराना, एटीएम कार्ड जारी कराना और पासबुक/चेकबुक का अनधिकृत उपयोग जैसे कार्यों के जरिए गिरोह को खातों तक अंदरूनी पहुंच उपलब्ध कराई।



**खातों की जानकारी भेजी जाती थी इंदौर :** मुख्य अपचारी राजा राजपूत ने बैंक में काम करते हुए कई खातों की संवेदनशील जानकारी अवैध रूप से हासिल की। इसके तार जिले से बाहर बैठे साइबर अपराधियों से जुड़े पाए गए। यह खाते की पूरी किट इंदौर भेजी जाती थी। गिरोह प्रत्येक लक्षित खाते की एक किट तैयार करता था, जिसमें लिंक की गई सिम, एटीएम कार्ड, पासबुक, चेकबुक शामिल रहती थी। यह किट बस के माध्यम से इंदौर भेजी जाती थी, जहाँ से बाहरी फ्रॉडिस्टर बड़े ट्रांज़ेक्शन को अंजाम देते थे। पुलिस ने तकनीकी विश्लेषण के आधार पर इंदौर में आरोपियों के दो ठिकानों पर दबिश दी और तीन लोगों को गिरफ्तार किया।

**गिरोह के अन्य सदस्यों की तलाश जारी :** पुलिस अधीक्षक वीरेन्द्र जैन ने बताया कि इस जटिल साइबर ठगी को टीम ने तकनीकी दक्षता और बेहतरीन तालमेल के साथ उजागर किया। जिले के बाहर की गई कार्रवाई में भी टीम ने शानदार प्रदर्शन किया है। एएसपी कमला जोशी ने बताया कि जप्त डिजिटल सामग्री के विश्लेषण से गिरोह का नेटवर्क और स्पष्ट हो रहा है।

### 7 अलग-अलग खातों को बनाया निशाना

साइबर ठगों ने एक ही बैंक के 7 अलग-अलग खाता धारक बिस्राम इवने, नर्मदा इवने, मुकेश उइके, नितेश उइके, राजेश बर्डे, अमोल और चंदन के बैंक खातों को निशाना बनाते हुए गिरोह ने 9,84,95,212 रुपये की हेराफेरी की। इन खाताधारकों में मृत व्यक्ति का नाम देखकर जांच टीम भी चौंक उठी। गिरोह ने अपने कार्य को अंजाम देने के लिए मृत व्यक्ति राजेश बर्डे के खाते का भी किया इस्तेमाल किया। इसमें चौंकाने वाली बात यह रही कि मृतक राजेश बर्डे के खाते का उतनी ही सक्रियता से उपयोग किया जा रहा था, जैसे कोई जिंदा ग्राहक करता है।

### आरोपियों के पास से जब्त की यह सामग्री

पुलिस ने कार्रवाही के दौरान 15 मोबाइल फोन (25 सिम सहित), 21 एटीएम कार्ड, 28,000 नकद, 11 बैंक पासबुक, 7 चेकबुक, 2 पीओएस मशीन, 69 एटीएम, जमा रसीदें (21 लाख जमा), 48,000 की जमा पर्ची, 2 लैपटॉप, 1 फाइबर राउटर, 4 रजिस्टर व डायरी (रिकॉर्ड) जब्त कर राजा उर्फ आयुष चौहान (28) निवासी खेड़ी सावलीगढ़, अंकित राजपूत (32) निवासी इंदौर और नरेंद्र सिंह राजपूत (24) निवासी इंदौर को गिरफ्तार किया। इस कार्रवाई में बैतूल पुलिस की तकनीकी दक्ष साइबर सेल टीम ने काम किया। टीम में कोतवाली टीआई नीरज पाल सहित कई अनुभवी एसआई व तकनीकी विशेषज्ञ शामिल थे।

## एक नजर में

### प्रतिभा प्रजापति राष्ट्रीय एथलेटिक्स हेतु चयनित

**सारनी।** एलएफएस स्कूल की 12 वीं कक्षा की छात्रा प्रतिभा प्रजापति का राष्ट्रीय एथलेटिक्स में चयन होने पर संस्था प्राचार्य सिस्टर अनुजा किरण एवं वरिष्ठ शिक्षक एमएस कुरैशी सहित समस्त स्टाप ने बधाई दी है। प्राप्त जानकारी अनुसार लिटिल फ्लावर हायर सेकेंडरी स्कूल पाथाखेड़ा की कक्षा 12वीं की छात्रा प्रतिभा प्रजापति का चयन राष्ट्रीय एथलेटिक्स प्रतियोगिता के लिए हुआ है। राष्ट्रीय एथलेटिक्स प्रतियोगिता 26 से 30 नवंबर 19 वर्ष बालिका वर्ग भिवानी, हरियाणा में आयोजित की जाएगी। राष्ट्रीय एथलेटिक्स प्रतियोगिता हेतु प्री नेशनल कोचिंग का आयोजन 19 नवंबर से मध्यप्रदेश के सागर में किया गया है। खेल शिक्षक आकाश भालेकर ने कहा कि प्रतिभा प्रजापति 19 वर्ष आयु वर्ग में एथलेटिक्स में लंबी कूद एवं त्रिकूद में राष्ट्रीय स्पर्धा में भाग लेने के लिए रवाना हो गयी हैं।

### शव संरक्षण फ्रीज उपलब्ध कराने मिली प्रशासकीय स्वीकृति

**मुलताई।** विधायक चन्द्रशेखर देशमुख के प्रयासों से क्षेत्र के 21 अस्पतालो को शव संरक्षण फ्रिज उपलब्ध कराने को प्रशासकीय स्वीकृति मिली है। जिसमें सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र मुलताई एवं प्रभात पट्टन सहित 19 उप स्वास्थ्य केंद्र शामिल है। अस्पतालों में शव संरक्षण फ्रिज उपलब्ध होने आमजन को लाभ मिलेगा। मंडल महामंत्री राघवेंद्र रघुवंशी ने बताया मुलताई एवं प्रभात पट्टन के अलावा बिसनुर, मासोद, बिरुल बाजार, बरखेड़, अमरावती घाट, तिवरखेड़, साईखेड़ा, घाटबिरोली, चिचंडा, आष्टा, सालबर्डी सहित अन्य केंद्र सम्मिलित हैं। प्रत्येक फ्रिज के लिए 1.98 लाख की स्वीकृति प्रदान की गई है।

### सीएस ने किया भोजनशाला का निरीक्षण

**बैतूल।** सिविल सर्जन डॉ. जगदीश घोरे ने जिला अस्पताल की भोजनशाला का औचक निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान भोजन शाला में गंदगी पाई जाने पर उन्होंने सुपरवाइजर को फटकार लगाई तथा संबंधित कंपनी को स्पष्टीकरण पत्र जारी करने के निर्देश दिए। उन्होंने भोजन शाला में स्वच्छता सुनिश्चित करने के लिए त्वरित सुधारात्मक कदम उठाने को कहा।

## एक स्थान पर दो बार निर्माण की आड़ में चल रहा लाखों का खेल

**सारनी।** नपा अपने कारनामो कमीशन खोरी को लेकर सदैव सुर्खियों मे बनी रहती है। कमीशन खोरी का यह आलम है कि कभी 15 प्रतिशत तो कभी 12 प्रतिशत कर देती है। इतना ही एक बार नपा अध्यक्ष को बोलना पड़ा कि हम तो 12 प्रतिशत कमीशन लेते है फिर 15 प्रतिशत कौन मांग रहा है.यह बात सुनी सुनाई नहीं बल्कि पार्षदो की बैठक मे नपा अध्यक्ष ने कहा था। बताया जाता है कि एक ही जगह पर दो बार निर्माण कार्य करवा कर जनता के पैसो का दोहन कर नपा अध्यक्ष से लेकर अधिकारी अपने जेब भर रहे है। गौरतलब है कि वार्ड क्रमांक 11 मे शहीद कश्मीरा स्मारक के पास पहले तार की जाली एवं सीमेंट के पोल लगाकर चार लाख खर्च किए गए। उसी जगह पर एक साल बाद सीमेंट की ईटो एवं कालम की बाउंड्री वाल बनाकर दस लाख रूपये खर्च कर दिए. ऐसा एक स्थान पर नहीं करीबन आधा दर्जन स्थान पर किया है। ताजा मामला वार्ड क्रमांक तीन मे नये बस स्टैंड के पास बने शहीद स्मारक के पास एक साल पहले करीबन दो लाख की लागत से तार की जाली,सीमेंट के 30 से 40 पोल एवं दो विशालकाय लोहे के गेट आनन फानन मे लगाए गए। अब उसी स्थान पर तीन से चार लाख की सीमेंट की ईटो एवं कालम की बाउंड्री वाल तैयार हो रही है। इसके बाद नपा के अधिकारी गैस गोदाम के पास आनन फानन मे जाली एवं सीमेंट के पोल से तैयार किये गए पार्क मे जिम तथा बच्चो के मनोरंजन के लगाए गए झूले फिसल पट्टी लगा रही है.उस स्थान पर ईटो की बाउंड्री बनाने की तैयारी कर रही है। नपा के अधिकारी अपने कमीशन खोरी के चलते अजीबो गरीब कारनामे करके जनता के टेक्स का पैसा दोहन कर रहे है। कांग्रेस पार्टी के पूर्व जिला महामंत्री ने जांच की मांग की है।



## मध्य सप्तऋषि टापू से हटाया जाए अतिक्रमण

**मुलताई। पवित्र नगरी में माँ ताप्ती सरोवर केबीच स्थित सप्तऋषि टापू पर दबँग लोगो द्वारा अतिक्रमण कर रखा है। पवित्र क्षेत्र में हो रहे जगह जगह अतिक्रमण कोई रोक नही कोई टोक नही है।**

**हिन्दू संगठनों के प्रतिनिधियों ने सौंपा ज्ञापन**

**अतिक्रमण से बिगड़ रहा प्राकृतिक स्वरूप**

सप्तऋषि टापू से अतिक्रमण हटाने की मांग को लेकर हिन्दू संगठनों के प्रतिनिधियों ने गुरुवार को तहसीलदार को ज्ञापन सौपा। तापी भक्त दिनेश कालभोर, घनश्याम सोनी,बजरंगी भूपेश साहू,दीपांशु साहू द्वारा सौपे ज्ञापन में बताया मन ताप्ती उद्गम सरोवर के बीच में तपोभूमि सन्त स्थल बना हुआ है, जिसे आदि काल से संतो की तपोभूमि कहा जाता है, जहाँ पर कुछ लोगो द्वारा टीन शेड लगाकर अतिक्रमण किया जा रहा है। जिससे सप्त ऋषि टापू का प्राकृतिक स्वरूप बिगड रहा है जो उचित नही है। मां ताप्ती जी की मूल धरोवर प्राकृतिक स्वरूप में ही होना चाहिए। शासन प्रशासन से शीघ्र अतिक्रमण हटाने की मांग की है।




## ग्राम भारती महिला मंडल के स्थापना दिवस की तैयारी जारी

**सारनी।** देश एवं प्रदेश मे अपनी पहचान बनाने वाली ग्राम भारती महिला मंडल के 40 वें स्थापना दिवस की तैयारी जोरों पर चल रही है। स्थापना दिवस के मौके पर केंद्रीय राज्य मंत्री डीडी उइके, भाजपा प्रदेश अध्यक्ष हेमंत खंडेलवाल,जन अभियान परिषद उपाध्यक्ष मोहन नागर, विधायक योगेश पंडगरे,श्रीमती गंगा उइके,नपा अध्यक्ष किशोर बरदे, नपा उपाध्यक्ष जगदीश पवार, वेकोलि महा प्रबंधक संजय मिश्रा, पावर प्लांट चीफ इंजीनियर श्री कैथवार,जल निगम मर्यादित जीएमविजय जादौन शिरकत करेंगे। ग्राम भारती महिला मंडल अध्यक्ष श्रीमती भारती अग्रवाल ने बताया कि आगामी 22 नवम्बर को ग्राम भारती महिला मंडल अपना 40 वाँ स्थापना दिवस मनाने जा रही है, उन्होंने कहा कि इस मौके पर केंद्रीय राज्य मंत्री डी डी उइकेएवं भाजपा प्रदेश अध्यक्ष हेमंत खंडेलवाल सहित अन्य अतिथि को आमंत्रित किया है.ग्राम भारती महिला मंडल के स्थपना दिवस कार्यक्रम सामुदायिक भवन शोभापुर कॉलोनी मे मनाया जायेगा। इस अवसर पर संस्था कि विभिन्न गतिविधियो की जानकारी,सांस्कृतिक कार्यक्रम,महिलाओ द्वारा तैयार किये गये उत्पाद के स्टाल तथा महिलाओं का सम्मान कार्यक्रम आयोजित किये जाएंगे।

## बजरंगियों ने गाय का रेसक्यू कर दी समाधि

**मुलताई।** नगर के ताप्ती वार्ड संतरा मंडी क्षेत्र में बुधवार को एक गाय कीच? में ?स गई थी। जिसे बजरंगियों एवं गौ पुत्रो ने रेसक्यू कर बाहर निकाला तथा पशु चिकित्सक बुलाकर उपचार कराया गया,लेकिन गौमाता की जान नहीं बच पाई। जिसके बाद उन्होंने गाय को विधिवत समाधि दी। बजरंगियों ने बताया बुधवार की शाम 5 बजे सूचना मिली की ताप्ती वार्ड संतरा मंडी क्षेत्र में एक गाय 2 घंटे से दलदल में फसी हुई है। सूचना मिलते ही बजरंग दल के जिला सहसंयोजक भूपेश साहू, प्रखंड सुरक्षा प्रमुख पंकज बिहारे, गोपाल साहू गौ सेवक पहुंचे और गाय को कडी मशक्कत के बाद दलदल से बाहर निकाला। इस दौरान घटना गौपुत्र सेना के धर्मेंद्र नरवरे,शिवम यादव भी मौके पर पहुंचे, इस दौरान पता चला की गाय ने कुछ अपशिष्ट पदार्थ खा लिया था व गाय की हालत बहुत गंभीर थी। गौ सेवको ने सम्पर्क कर डॉक्टर बुलाया एवं डॉक्टर से उपचार करा रहे थे, तभी गाय की मौत हो गई। गौ सेवको ने नपा से काऊ केचर बुलाकर गौ समाधि स्थल ट्रेचिंग ग्राउंड ले जाया गया व देर रात 8.30 बजे जेसीबी मशीन बुलवाकर गौ माता की विधिवत पुजा,अर्चना,गौ आरती कर सुरक्षित गौ समाधि दी गई।



## शास. स्नातकोत्तर महाविद्यालय मुलताई रोजगार मेला आज

**बैतूल।** जिला रोजगार कार्यालय, जिला व्यापार एवं उद्योग केंद्र बैतूल, शासकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्था के संयुक्त तत्वावधान में 21 नवंबर को शासकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय मुलताई में रोजगार, स्वरोजगार अप्रेंटिसशिप मेले का आयोजन किया जाएगा। जिला रोजगार अधिकारी ने बताया कि प्रात: 11 बजे से 4 बजे तक आयोजित रोजगार मेले में प्रतिष्ठित कंपनियों के द्वारा विभिन्न पदों पर अभ्यर्थियों का चयन किया जाएगा। उन्होंने बताया कि रोजगार मेले में आयशर सीआईआई कौशल विकास पीथमपुर में मशीन ऑपरेटर के 100 पदों के लिए, वर्धमान फैब्रिक प्रा.लि. बुधनी में मशीन ऑपरेटर के 100 पदों, कुलोदय टेक्नोपैक प्रा.लि. में मशीन ऑपरेटर, मैकेनिकल, हेल्पर के 100 पदों, प्रथम एजुकेशन फाउंडेशन भोपाल में ट्रेनीवर्कर के 50 पदों व अरविंद लिमिटेड सांतेज अहमदाबाद गुजरात में मशीन ऑपरेटर के 100 पदों के लिए योग्यता 8वी, 10वी, 12वी आईटीआई उत्तीर्ण होना अनिवार्य है। जेबीएम ग्रुप गुरुग्राम उत्पादन और गुणवत्ता रखरखाव के 50 पदों के लिए योग्यता आईटीआई होना आवश्यक है।

## सांसद खेल महोत्सव में विद्यार्थियों ने लिया हिस्सा

**मुलताई।** क्षेत्र के ग्राम जौलखेडा क्लस्टर में गुरूवार को सांसद खेल महोत्सव हायर सेकेण्डरी स्कूल जौलखेडा में आयोजित किया गया।जिसमे कबड्डी, खो-खो,लम्बी कूद,रस्सा कशी, ऊंची कूद,पिट्ठू, वालीबॉल,बैडमिंटन रेस आदि खेलों में जौलखेडा संकूल के कुल 591 छात्र छात्राओं ने हिस्सा लिया। महोत्सव का शुभारंभ जिला पंचायत अध्यक्ष राजा पवार, जनपद अध्यक्ष नानही बाई पिरथीलाल डहारे, हेटी सरपंच बबलू देवासे,डिवटिया सरपंच शशिकला गोस्वामी, सेमझिरा सरपंच मोहन पवार, पंच प्रमोद सोनी, पीटीए अध्यक्ष श्यामकिशोर पाठेकर , जनपद सदस्य दिनेश कसारे,बीईओ सक्षम बारमाटे ,बीईओ पट्टन आशीष शर्मा एवं संकुल प्राचार्य प्रमोद कुमार सागरे ने किया। इस दौरान शिक्षकों एवं जनप्रतिनिधियों ने भी रस्सा कशी और कुर्सी दौड़ में हिस्सा लिया। कार्यक्रम को सम्बोधित करते हुए जिला पंचायत अध्यक्ष राजा पवार ने कहा देश का हर बच्चा और नागरिक स्वस्थ होगा तभी हम प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के विकसित भारत का लक्ष्य हासिल कर पाएंगे। सांसद के मार्गदर्शन में खेलों का आयोजन भावी खेल पीढ़ी को बढ़ावा है।



## 100 फीसदी डिजिटाइजेशन करने वाले बीएलओ सम्मानित

**बैतूल। विशेष गहन पुनरीक्षण के अंतर्गत जिले में मतदाताओं से प्राप्त गणना पत्रकों का डिजिटाइजेशन कार्य तेजी से किया जा रहा है।**

इस प्रक्रिया में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले बीएलओ को गुरुवार को कलेक्ट्रेट में आयोजित कार्यक्रम के दौरान प्रभारी कलेक्टर अक्षत जैन द्वारा सम्मानित किया गया।

विधानसभा आमला के मतदान केंद्र 250 के बीएलओ शिक्षक दीपक वर्मा ने अपनी विधानसभा में सर्वप्रथम 100 फीसदी डिजिटाइजेशन का कार्य पूरा किया। आमला के ही मतदान केंद्र 160 की बीएलओ आंगनवाड़ी कार्यकर्ता श्रीमती संगीता पवार ने भी शत-प्रतिशत डिजिटाइजेशन कर उल्लेखनीय उपलब्धि हासिल की है। इसी तरह विधानसभा मुलताई में मतदान केंद्र 200 की बीएलओ शिक्षक श्रीमती सत्यभामा कवड़कर एवं मतदान केंद्र 201 की बीएलओ आंगनवाड़ी कार्यकर्ता श्रीमती मीना चढ़ोकार ने भी 100 फीसदी डिजिटाइजेशन कर अपनी विधानसभा का नाम अग्रणी सूची में दर्ज कराया है। कलेक्ट्रेट में प्रभारी कलेक्टर अक्षत जैन ने चारों बीएलओ को प्रशस्ति पत्र प्रदान कर सम्मानित किया। उन्होंने कहा कि विशेष गहन पुनरीक्षण में इस प्रकार की सक्रियता अन्य बीएलओ के लिए प्रेरणास्रोत है।

उन्होंने आमला के निर्वाचक रजिस्ट्रीकरण अधिकारी शैलेन्द्र बड़ोनिया और मुलताई के निर्वाचक रजिस्ट्रीकरण अधिकारी राजीव कहार के कार्यों की भी सराहना की। कार्यक्रम के दौरान उप जिला निर्वाचन अधिकारी मकसूद अहमद सहित निर्वाचन शाखा के अधिकारी एवं कर्मचारी उपस्थित रहे।



**यात्रा** | प्रभारी कलेक्टर ने अधिकारियों को व्यवस्थाएं दुरुस्त रखने के दिए निर्देश

## सरदार वल्लभ भाई पटेल की 150वीं जन्म जयंती पर आज निकलेगी यूनिटी मार्च यात्रा

**बैतूल। मेरा युवा भारत बैतूल युवा कार्यक्रम एवं खेल मंत्रालय भारत सरकार द्वारा सरदार वल्लभ भाई पटेल जी की 150वीं जन्म जयंती के अवसर पर जिले में यूनिटी मार्च यात्रा का आयोजन किया जाएगा।**

यह पद यात्रा 21 नवंबर को प्रात: 11 बजे सरदार विष्णु सिंह उईके शासकीय महाविद्यालय बगडोना से स्वतंत्रता संग्राम सेनानी सरदार वल्लभभाई पटेल की प्रतिमा समक्ष श्रद्धांजलि अर्पित कर तथा आत्मनिर्भर भारत की शपथ के साथ प्रारंभ होगी, जो उच्चतर माध्यमिक विद्यालय पाथाखेड़ा पहुंचेगी। इस दौरान यहां सांस्कृतिक कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे। इस यात्रा में मुख्य अतिथि के रूप से केंद्रीय राज्य मंत्री दुर्गादास उईके, प्रदेश अध्यक्ष व बैतूल विधायक हेमंत खंडेलवाल, मध्यप्रदेश जन अभियान परिषद के उपाध्यक्ष मोहन नागर, आमला विधायक डॉ. योगेश पंडाग्रे, घोड़ाडोंगरी विधायक श्रीमती गंगाबाई उईके व सुधाकर पवार शामिल होंगे।

**22 नवंबर को मांडवी से आठनेर तक निकलेगी पदयात्रा :** पदयात्रा, एकता मार्च की नोडल अधिकारी श्रीमती सुषमा गवली जिला युवा अधिकारी माय भारत बैतूल ने बताया कि सरदार वल्लभभाई पटेल जी की 150वीं जन्म जयंती पर 22 नवंबर को श्री गणेश कॉलेज मांडवी से पुलिस ग्राउंड आठनेर तक पदयात्रा निकाली जाएगी। उन्होंने बताया कि यूनिटी मार्च का उद्देश्य युवाओं में राष्ट्रीय गर्व, एकता और समरसता की भावना को सुदृढ़ करना है। यह आयोजन सरदार वल्लभभाई पटेल जी के आदर्शों और योगदानों को याद करने और राष्ट्रीय एकता को बढ़ावा देने के लिए किया जा रहा है। यात्रा का प्रारंभ सुबह 11 बजे होगा और समापन शाम 3 बजे होगा। इस अवसर पर विभिन्न कार्यक्रम में सांस्कृतिक कार्यक्रमों की प्रस्तुति भी होगी। साथ ही यात्रा के दौरान सरदार वल्लभभाई पटेल के आदर्श पर निर्मित संगोष्ठी चर्चाएं आदि का भी आयोजन किया जाएगा। उन्होंने भारत पोर्टल पर अपना पंजीयन कर पदयात्रा में अधिक से अधिक प्रतिभागियों सम्मिलित होने की अपील की है।

**साफ-सफाई एवं पेयजल व्यवस्था के दिए निर्देश :** प्रभारी कलेक्टर अक्षत जैन ने सरदार वल्लभ भाई पटेल की 150वीं जन्म जयंती पर 21 और 22 नवंबर को आयोजित यूनिटी मार्च यात्रा के सफल आयोजन के लिए विभागीय अधिकारियों को आवश्यक दिशा निर्देश दिए हैं। कलेक्टर श्री जैन ने पदयात्रा, एकता मार्च की नोडल अधिकारी श्रीमती सुषमा गवली जिला युवा अधिकारी माय भारत बैतूल को नियुक्त किया है। इसके अलावा उन्होंने मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी को पदयात्रा एवं कार्यक्रम स्थल पर एंबुलेंस की व्यवस्था के निर्देश दिए हैं।

### सेंट्रल बैंक ऑफ इंडिया में जिला स्तरीय शिविर आज

बैतूल। राष्ट्रव्यापी अभियान आपकी पूंजी, आपका अधिकार के अंतर्गत जिले में अक्टूबर से दिसम्बर 2025 तक चल रहे आउटरीच एवं दावा सुविधा शिविरों की श्रृंखला में 21 नवंबर को सेन्ट्रल बैंक ऑफ इंडिया बैतूल शाखा में जिला स्तरीय शिविर आयोजित किया जाएगा। एलडीएम ने बताया कि एसएलबीसी भोपाल के निर्देशानुसार आयोजित इस शिविर का उद्देश्य आम नागरिकों के लंबित दावों का त्वरित निपटारा करना और लोगों को वित्तीय सेवाओं एवं उनके अधिकारों के प्रति जागरूक करना है। उन्होंने अधिक से अधिक नागरिकों से शिविर का लाभ लेने की अपील की है।

## डब्ल्यूसीएल ने काटे दशकों पुराने नल कनेक्शन

**सारनी।** भाजपा शासित नगर पालिका परिषद सारणी में जलावर्धन विवाद थमने का नाम नहीं ले रहा। दरअसल भाजपा समर्थित पार्षद ही जलावर्धन योजना के तहत लगाएं गए नल कनेक्शन शुल्क देने के विरोध में है। जिसका समर्थन वार्डवासी भी खुलकर कर रहे हैं। इससे मामला विवादित होते जा रहा है। परिषद में जब नल कनेक्शन का चार्ज 4 हजार रुपए प्रति कनेक्शन रखा गया था और सर्वसम्मति से प्रस्ताव पारित किया गया था। तब वार्ड 12 की पार्षद ने इसका विरोध किया था। लेकिन अब कनेक्शन के एवज में नगर पालिका द्वारा मांगे जा रहे 4 हजार रुपए के खिलाफ भाजपा समर्थित पार्षद और वार्डवासी खुलकर सामने आने लगे हैं। लोगों का मानना है कि जब नगर पालिका ने कनेक्शन लगाए थे। तब शुल्क देने जैसी कोई बात नहीं की थी। अचानक नल कनेक्शन के रुपए नहीं देने पर नगर पालिका द्वारा नोटिस देने से लोगों में आक्रोषपान अपने लगा है। एक और जल आवर्धन योजना से घर-घर पानी पहुंचाने का नगर पालिका द्वारा डिंडोरी पीटा जा रहा है। वहीं दूसरी ओर वार्ड नंबर 10, 24, 25, 26 और 27 में पानी को लेकर हाहाकार मच गया है। वजह डब्ल्यूसीएल द्वारा इन वार्डो में दशकों से लगे नल कनेक्शन काट दिए गए हैं। यह सभी कनेक्शन वार्डोवासियों ने वेकोलि की मुख्य पाइप लाइन से लोगों ने लिए थे। जिसे अब कंपनी द्वारा अवैध बताकर काट दिए हैं। जिसके चलते इन वार्डो में पानी को लेकर हाहाकार जैसी स्थिति बन गई है।

